इस पॉलिसी में, निवेश पोर्टफ़ोलियो में निवेश जोखिम को पॉलिसीधारक द्वारा वहन किया जाएगा.

''यूनिट लिंक्ड बीमा उत्पाद, कॉन्ट्रैक्ट के पहले पाँच वर्षों के दौरान कोई नकदीकरण प्रदान नहीं करते हैं. पॉलिसीधारक, यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस उत्पादों में निवेश किए गए पैसे को पाँचवें वर्ष के अंत तक पूरी तरह से या आंशिक रूप से सरेंडर या वापस नहीं ले पाएंगे.''

## एसबीआई लाइफ – स्मार्ट पावर इंश्योरेंस क्यों?

एसबीआई लाइफ – स्मार्ट पावर इंश्योरेंस दो फंड विकल्प देता है, जो आपकी पसंद के अनुसार सक्रियता से निवेश का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता आपको देता है या फिर आप उतार–चढ़ाव से भरे बाजार में अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करने के लिए हमारी कुशलता का लाभ ले सकते हैं. एसबीआई लाइफ – स्मार्ट पावर इंश्योरेंस एक इंडिविजुअल, यूनिट–लिंक्ड, नॉन–पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद है.

## मुख्य विशेषताएँ

- **सुरक्षा :** प्लान के अंतर्गत दो विकल्प मौजूद है :
  - **लेवल कवर विकल्प –** आरंभ के समय चुनी गई आश्वासित राशि पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान समान रहती है.
  - **बढ़ता हुआ कवर विकल्प –** छठे पॉलिसी वर्ष से शुरु होकर तत्पश्चात हर 5 वर्ष बाद आरंभिक आश्वासित राशि बिना किसी अतिरिक्त अंडरराइटिंग के 10% की दर से बढ़ती है.
- **इनबिल्ट एक्सिलरेटेड टोटल एंड परमानेंट डिसेबिलिटी (टीपीडी) लाभ :** पॉलिसी लाभ को अपना आजीविका लाभ बनाने के लिए बढ़ाने की सुविधा.
- **लचीलापन :** उत्पाद के अंतर्गत निम्नलिखित उपलब्ध :
  - **आपके चुनाव के लिए हैं दो फंड विकल्प –**
    1. **ट्रिगर फंड विकल्प –** 'कम पर खरीदने और अधिक पर बेचने' का लाभ
    2. **स्मार्ट फंड्स विकल्प –** 10 विभिन्न फंडों में से चुनने का विकल्प
  - **पोर्टफोलियो ट्रांसफर विकल्प –** चुने गए फंड विकल्प को बदलें – किसी भी पॉलिसी वर्षगांठ पर फंड या स्मार्ट फंड्स को ट्रिगर करें.
- **नकदीकरण :** छठे पॉलिसी वर्ष से आंशिक निकासियों के ज़रिए अप्रत्याशित खर्चों को पूरा किया जा सकता है.


## उदाहरण

**श्री राम ने एसबीआई लाइफ – स्मार्ट पॉवर इंश्योरेंस पॉलिसी के अंतर्गत लेवल कवर विकल्प चुना है. विवरण नीचे दिए अनुसार हैं:**

| | | |
|---|---|---|
| **जीवन बीमित आयु :** 35 वर्ष | **प्रीमियम की बारंबारता :** वार्षिक | **पॉलिसी अवधि :** 20 वर्ष |
| **आश्वासित राशि :** ₹10,00,000 प्रति वर्ष | **वार्षिकीकृत प्रीमियम :** ₹1,00,000 | **फंड विकल्प :** स्मार्ट फंड विकल्प<br>**फंड :** 100% इक्विटी फंड |

1. **परिपक्वता (मैच्योरिटी) लाभ (एकमुश्त) :** मैच्योरिटी तिथि पर, माने गए निवेश रिटर्न के आधार पर राम का मैच्योरिटी लाभ नीचे दी गई तालिका के अनुसार है :

**मैच्योरिटी पर फंड मूल्य^^ इन मानी गई दरों पर :**
**4% की दर पर ₹24,66,399**
**8% की दर पर ₹38,47,928**




**वार्षिक प्रीमियम : 20 वर्ष के लिए ₹1,00,000**


Insurance Plans with Wealth Creation

SBI Life - Smart Power Insurance
UIN - 111L090V02

SBI Life
अपने लिए. अपनों के लिए.

**2. मृत्यु लाभ (एकमुश्त) :** 10वें पॉलिसी वर्ष के अंत में राम की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में, माने गए निवेश रिटर्न के आधार पर मृत्यु लाभ नीचे दी गई तालिका के अनुसार होता है :

**मृत्यु लाभ^^ इन मानी गई दरों पर :**
**4% की दर पर ₹10,71,790**
**8% की दर पर ₹13,35,940**




**वार्षिक प्रीमियम : 10 वर्ष के लिए ₹1,00,000**

*^^फंड मूल्य संबंधी आँकड़े उदाहरण के उद्देश्यों से हैं और वे स्वस्थ जीवन के लिए हैं. कृपया ध्यान दें कि ऊपर वर्णित 4% और 8% प्रति वर्ष की मानी गई रिटर्न की दरें क्रमश: लागू प्रभारों पर विचार करने के बाद इन दरों पर केवल उदाहरणात्मक परिदृश्य हैं. ये गारंटीशुदा नहीं हैं और ये रिटर्न की उच्चतर या निम्नतर सीमाएँ नहीं हैं. यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद बाज़ार के जोखिम के अधीन हैं. इस कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत उपलब्ध अलग-अलग फंड्स संबंधित फंड्स के नाम हैं तथा किसी भी रूप में इन प्लान की गुणवत्ता, भावी संभावनाओं या रिटर्न का संकेत नहीं हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने पॉलिसी विशिष्ट लाभ उदाहरण के लिए निवेदन करें.*

## प्लान के विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रवेश पर आयु*** | **न्यूनतम :** 18 वर्ष | **अधिकतम :** 45 वर्ष | |
| **मैच्योरिटी पर अधिकतम आयु*** | 65 वर्ष | | |
| **प्रीमियम राशि** (₹100 के गुणकों में) | **प्रीमियम की बारंबारता** | **न्यूनतम** | **अधिकतम** |
| | वार्षिक | ₹15,000 | कोई सीमा नहीं, बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग नीति के अधीन |
| | अर्ध-वार्षिक | ₹9,500 | |
| | त्रैमासिक | ₹5,500 | |
| | मासिक## | ₹2,000 | |
| **पॉलिसी अवधि** | 10 वर्ष से 30 वर्ष (दोनों शामिल) | | |
| **प्रीमियम भुगतान अवधि** | पॉलिसी अवधि के समान | | |
| **प्रीमियम की बारंबारता** | वार्षिक/अर्ध-वार्षिक/त्रैमासिक/मासिक## | | |
| **मूल आश्वासित राशि** | वार्षिकीकृत प्रीमियम^ x 10<br>अधिकतम मूल आश्वासित राशि बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग नीति के अधीन होगी. | | |
| | किसी भी समय आश्वासित राशि, लेवल और इंक्रीज़िंग कवर विकल्प दोनों के लिए, ₹50,00,000 से अधिक नहीं होगी. | | |
| **इन-बिल्ट एक्सिलरेटेड टीपीडी बेनिफिट** | दुर्घटना या बीमारी के कारण टीपीडी के मामले में, मृत्यु लाभ का 100% तुरंत अदा किया जाएगा और तत्पश्चात् पॉलिसी समाप्त हो जाएगी. | | |

**आयु के सभी संदर्भ पिछले जन्मदिन पर आयु से हैं.*
*##मासिक भुगतान के लिए तीन महीने के प्रीमियम का भुगतान अग्रिम में किया जाएगा और नवीनीकरण प्रीमियम केवल इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सिस्टम (ईसीएस), क्रेडिट कार्ड, डायरेक्ट डेबिट और एसआई-ईएफटी के ज़रिए ही अनुमत या अनुमोदित है.*
*^वार्षिकीकृत प्रीमियम यानी लागू करों को छोड़कर एक वर्ष में देय प्रीमियम राशि.*
*विभिन्न प्रभार जैसे कि 'प्रीमियम आवंटन प्रभार', 'फंड प्रबंधन प्रभार' इत्यादि की कटौती की जाती है. प्रभारों और उनकी गणनाओं की पूरी सूची के लिए कृपया विक्रय विवरणिका पढ़ें.*

## रियायतों की निषिद्धता

**समय समय पर यथासंशोधित बीमा अधिनियम 1938 की धारा 41 के अनुसार :**

क) कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी व्यक्ति को, जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम के लिए बीमा करवाने या इसका नवीनीकरण करवाने या बीमा पॉलिसी जारी रखने के लिए, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो कोई प्रलोभन दे सकता है, न ही देय कमीशन से सम्पूर्ण या आंशिक रूप में कोई छूट दे सकता है, न ही पॉलिसी में दर्शाए गए प्रीमियम पर किसी तरह की छूट दे सकता है, न ही बीमा पॉलिसी लेने वाला या इसका नवीनीकरण करवाने या इसे जारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसी तरह की छूट स्वीकार कर सकता है, बशर्ते प्रकाशित विवरण पुस्तिका या बीमाकर्ता की तालिका के अनुसार इस तरह की छूट की अनुमति दी गई हो.

ख) किसी भी व्यक्ति द्वारा इस धारा के प्रावधानों का अनुपालन करने में चूक करने पर वह जुर्माने का पात्र होगा जो दस लाख रुपए तक हो सकता है.

**Toll-free No.:** 1800 267 9090 | SMS '**LIBERATE**' to 56161 | **Email:** info@sbilife.co.in | **Web:** www.sbilife.co.in
(Between 9.00 am & 9.00 pm)

एसबीआई लाइफ – स्मार्ट पावर इंश्योरेंस एक इंडिविजुअल, यूनिट-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद है.

**फ़र्ज़ी फोन कॉल्स और जाली/धोखाधड़ी के ऑफ़र्स से सावधान :**
IRDAI इंश्योरेंस पॉलिसी बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम के निवेश जैसी किसी भी प्रकार की गतिविधियों में शामिल नहीं है. इस प्रकार के फोन कॉल्स प्राप्त करने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज़ करें.

यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद पारंपरिक इंश्योरेंस उत्पादों से अलग होते हैं और ये बाज़ार के ज़ोखिमों के अधीन हैं. यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए भुगतान किया गया प्रीमियम, पूँजी बाज़ार से संबंधित निवेश जोखिम के अधीन होता है और यूनिट की एनएवी, फंड की कार्यकुशलता तथा पूँजी बाज़ार को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर कम या अधिक हो सकता है, और अपने निर्णय के लिए पॉलिसीधारक/बीमित स्वयं उत्तरदायी है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड केवल इंश्योरेंस कंपनी का नाम है और एसबीआई लाइफ – स्मार्ट पावर इंश्योरेंस एक यूनिट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस कॉन्ट्रैक्ट का नाम है, और यह किसी भी रूप में कॉन्ट्रैक्ट की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या रिटर्न का संकेत नहीं है. कृपया संबंधित जोखिम तथा लागू प्रभारों की जानकारी के लिए अपने बीमा एजेंट या मध्यस्थ से सम्पर्क करें या अपने बीमाकर्ता के पास मौजूद दस्तावेज देखें. इस कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत उपलब्ध अलग-अलग फंड्स केवल फंड के नाम हैं तथा किसी भी रूप में इन प्लान की गुणवत्ता, भावी संभावनाओं तथा रिटर्न का संकेत नहीं हैं. फंड विकल्पों का पिछला कार्यनिष्पादन भावी कार्यनिष्पादन का संकेत नहीं करता. इस पॉलिसी के अंतर्गत देय सभी लाभ कर कानूनों और समय समय पर प्रभावी अन्य वित्तीय कानूनों के अधीन हैं, कृपया विवरण के लिए अपने कर सलाहकार से सलाह लें. जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक विवरण के लिए कृपया बिक्री पूर्ण करने से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यान से पढ़ें. ऊपर प्रदर्शित ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है और लाइसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय : नटराज, एम. वी. रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400 069. **IRDAI पंजीकरण संख्या 111** | CIN : L99999MH2000PLC129113.

NW/1C/ver1/02/22/SP/HIN